समाचार

आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने लगातार कार्य कर रहा निगम–महापौर

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 66 सोमवारी बाजार में प्रकाश व्यवस्था कार्य का किया लोकार्पण)

कोरबा 03 अगस्त 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा है कि प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निरंतर मार्गदर्शन में निगम आमनागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य रहा है। उन्होने कहा कि जनता को सभी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हों तथा उन्हें इनके लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े, इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड क्र. 66 में आयोजित सड़क रोशनी व्यवस्था के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बांकीमोंगरा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 66 सोमवारी बाजार में 02 लाख 50 हजार रूपये की लागत से प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराया गया है, जिसके तहत 08 विद्युत खंभे स्थापित कर प्रत्येक खंभे में 60 वॉट की तीन–तीन एल.ई.डी. लाईटें लगाई गई हैं। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण किया तथा जनसेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर दिए गए उद्बोधन में महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा निगम क्षेत्र के सभी वार्डो एवं बस्तियों में क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप विकास कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कोरबा शहर के साथ–साथ कोरबा पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांकीमोगरा, दर्री, सर्वमंगला आदि जोन के वार्डो में भी समान रूप से विकास कराए जाने की दिशा में निरंतर काम हो रहे हैं। उन्होने कहा कि

मैं नागरिकबंधुओं को आश्वस्त करना चाहता हूॅं कि आगे आने वाले समय में विकास संबंधी उनकी सभी मांगे पूरी होंगी। महापौर श्री प्रसाद ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लगातार कार्य कराए जा रहे हैं तथा इन क्षेत्रों में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियॉ कोरबा को प्राप्त हो चुकी हैं, जो किसी से छिपी नहीं है।

दायित्व निर्वहन हेतु सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को कड़े निर्देश– महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा कोरबा में स्थित सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी कालोनियों व आधिपत्य वाले क्षेत्रों में विकास कार्यो पर पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें तथा अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रतिष्ठान अपनी कालोनियों में साफ–सफाई व्यवस्था, सड़क रोशनी व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत व जीर्णोद्धार सहित अन्य कार्यो को प्राथमिकता के साथ कराएं ताकि वहां के निवासियो को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

लगातार हो रहे विकास के कार्य– इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुदंर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, कोरबा को नित नई उपलब्धियॉ प्राप्त हो रही है, जिसके लिए मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद को धन्यवाद देता हूॅं। उन्होने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित करा रही है तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की बदौलत प्रदेश की दशा सुधरी है तथा प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है।

लोकार्पण अवसर पर सभापति श्यामसुंदर सोनी के साथ ही मेयर इन काउंसिल सदस्य अमरजीत सिंह, पार्षद पवन गुप्ता एवं कमला बरेठ, एल्डरमेन परमानंद सिंह, गीता गभेल एवं ठाकुरप्रसाद अकेला, कांग्रेस कुसमुण्डा ब्लाक अध्यक्ष सनीष कुमार, गणेश दास महंत, प्रदीप अग्रवाल, संजय आजाद, राजेश मानिकपुरी, शब्बीर अंसारी, मनीराम देवांगन, सुरेन्द्र मिश्रा, पूजा महंत, संतोष मिश्रा, संतोषी चौहान, छतबाई चौहान, सावित्री चौहान, अमरूदास महंत, लखन कुजूर, अखिलेश सिंह, अर्जुन सिंह आदि के साथ काफी संख्या में आमजन उपस्थित थे।